**लोगों में दहशत** | जिले में पुलिस की गलत कार्यप्रणाली से बढ़ रहे है अपराध

# पुलिस की लापरवाही, अपराधियों के हौसले बुलंद

**नरसिंहपुर।** वर्तमान मे जिले की लापरवाह पुलिस और पुलिस की गलत कार्यप्रणाली से सम्पूर्ण जिले मे अपराधियों का बोलबाला है तथा निरंतर अपराध बढ़ते ही जा रहे है, पुरे जिले मे खास कर नरसिंहपुर शहर मे खुलेआम सट्टे की पट्टीयां काटी जा रही है तथा कई जगह खुलेआम लाखों रूपये का जूआ खेलाया जा रहा है लेकिन जिले की पुलिस इन अपराधों पर अंकु श लगाने मे नाकाम हो रही है और यही कारण है कि जिले मे अपराधों को बढ़ते देख नागरिकों मे भय व दहशत का माहौल बन चुका है।



### महिलाओं और नाबालिगों के साथ हो रहा दुराचार

जिले की गोटेगांव तहसील, गाडरवारा, करेली, व चिचली मे इसी प्रकार सरेआम अपराध बढ़ रहे है और जिम्मेदार पुलिस प्रशासन मुकदर्शक बन हाथ पर हाथ धरे बैठे है जिले मे महिलाओं और नाबालिकों के साथ दुराचार किया जा रहा है तथा महिलाओं की सुरक्षा के लिए पुलिस कोई भी सख्त कदम नही उठा रही है जिससे महिलाओं मे असुरक्षित होने की भावना बढ़ रही है।

### जिला चिकित्सालय में युवती की हत्या से लोगों में रोष

जिला मुख्यालय की पुलिस मौन धारण कर थाने तक मे ही सिमित हो कर रह गई है ना तो पुलिस गस्त ही लगा रही है और ना ही अपराधियों को पकड़ने मे सक्षम है। इस संबंध मे कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता लाखन पटेल द्वारा अपने सहयोगीयों के साथ पुलिस अधिक्षक नरसिंहपुर को इन बढ़ते अपराधों पर रोक लगाने के लिए एक ज्ञापन दिया उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि दिनांक 27.06.2025 को दिन दहाड़े जिला चिकित्सालय नरसिंहपुर में युवक के द्वारा एक 19 वर्षीय युवती की नृहंस हत्या की गयी है जिससे अपराधियों के हौसले बढ़ते जा रहे है और जिले में लगातार गंभीर अपराध हो रहे है। जिले में लगातार नाबालिगो के साथ बलात्कार व अन्य अपराध यौन शोषण के हो रहे है जिससे जिले की छवि खराब हो रही है। इसका मुख्य कारण है कि अपराधियो को संरक्षण देना और उनके खिलाफ ठोस कार्यवाही नहीं किया जाना परिलक्षित होता है।

### दुर्घटनाएं भी निरन्तर बढ़ती जा रही है

पूरे जिले में अवैध तरीके से स्मैक गाजा, शराब का व्यापार धड़ल्ले से चल रहा है जिससे युवा पीढ़ी नशे की लत में दिन प्रतिदिन आती जा रही है और नशे की हालत में सड़क दुर्घटनाएँ भी निरन्तर बढ़ती जा रही है। स्कूल व कॉलेजो के नजदीक में भी अवैध रूप से शराब का विक्रय किया जा रहा है। पुलिस प्रशासन की लापरवाही के चलते ही ऐसी घटनाएँ बढ़ती जा रही है। जिला चिकित्सालय नरसिंहपुर में हुई युवती की हत्या के आरोपी के विरुद्ध फास्ट ट्रैक कोर्ट में सुनवाई करवाकर आरोपी को फांसी की सजा मिले और आरोपी Ronit thakur के मकान पर बुलडोजर चलाकर ध्वस्त किया जायें। अत: श्रीमान् जी से निवेदन है कि जिले में हो रहे अपराधो पर अंकुश लगाये जाने एवं युवती की हुई नृहंस हत्या के आरोपी के मकान पर बुलडोजर चलवाकर ध्वस्त किया जाये तथा उसे फांसी की सजा दिलाये जाने की कृपा

# सड़कों पर घूम रहे आवारा जानवरों से बढ़ रही दुर्घटनाएं



**गाडरवारा।** शहर में चहुँओर आवारा जानवरों के जमावड़े धमा चौकड़ी खबरें लगातार अखबारों की सुर्खियों में बने रहने के बाद भी नगर में अभी तक उन्मुक्त घूमने वाले बिना धनीधोरी के जानवरों के विचरण की समस्या हल नहीं हुई है, पूर्व में नपा. ने आवारा जानवरों के नियंत्रण के लिए हाका गैंग बनाकर पशु पालकों को अपने पशु घर पर रखने की चेतावनी भी दी थी। किन्तु कथित तौर पर नपा. के आवारा जानवरों के नगर में विचरण की रोक के प्रयास बेअसर साबित हुए और इन दिनों हालत यह है कि आवारा जानवरों व पशुओं का आतंक चरम पर पहुँच रहा है। बताया जाता है कि शक्कर नदी पुल, शुक्रवारा बाजार, थाना, कचहरी के प्रांगण, शालाओं के ईर्दगिर्द, पानी की टंकी के पास के सब्जी बाजार, नगर की मुख्य सड़कों पर रात दिन आवारा जानवरों की मौजूदगी से कई बार जाम लगने के हालात बन जाते है और यातायात बाधित हो जाता है, आटो, दो पहिया वाहन चालको ने बताया कि ठंड की रातो के समय सड़को पर जब अंधेरा छाया रहता है तो चौराहो, स्टेशन रोड, झंडा चौक पर आवारा जानवरों का झुंड उमड़ने से उन्हे वाहन चलाने में दिक्कत तो होती है, साथ ही दुर्घटनाओं का अंदेशा भी बना रहता है। वही बड़े वाहन चालको का कहना है कि शक्कर नदी पुल के आगे झुंड में बैठे आवारा जानवर दूर से नही दिखते और जब गाड़ी उन तक पहुँचती है, तो अचानक ब्रेक लगाने से अनहोनी की आशंका बनी रहती है, गौरतलब है कि शहर की सड़को पर मवेशियों का कब्जा रहने से जहां सुबह शालाओं में जाने वाले बच्चो को स्कूल आने जाने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है, वही जवाहर कृषि उपज मंडी प्रांगण में खुलेआम घूमने वाले आवारा जानवरों की दहशत से क्षेत्र के मंडी में आने वाले किसान भी परेशान हो रहे है।

# मध्यप्रदेश लघु उद्योग संघ के प्रदेश अध्यक्ष चुने गए सुबोध जैन

**गोटेगांव।** नगर के प्रतिष्ठित नागरिक चौधरी परिवार एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता चौधरी विभास के भ्राता गोटेगांव निवासी सुबोध जैन मध्यप्रदेश लघु उद्योग संघ के प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त हुए हैं जिससे उनके परिवार एवं शुभचिंतकों के साथ-साथ जैन समुदाय में हर्ष व्याप्त है। प्रदेश अध्यक्ष पद पर निर्वाचन संस्कारधानी के लिए अत्यंत हर्ष की बात है। सामाजिक, व्यापारिक, औद्योगिक, शिक्षा एवं अनेक संस्थाओं में सुबोध जैन अनेक महत्वपूर्ण पदों को सुशोभित कर रहे हैं, जैन सामाजिक, व्यापारिक, जिन्होंने आज जिला सहित गोटेगांव का नाम रोशन करने के साथ-साथ चौधरी परिवार एवं जैन सामुदाय को गौरवान्वित किया है जैन के नियुक्त होने पर उनके परिवारजन शुभचिंतकों ने उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की

# बरसात में उल्टी-दस्त, पेट की बीमारी के बढ़ रहे मरीज

**तेंदूखेड़ा।** बरसात के दिनों में बरसात का पानी जलस्त्रोतों में पहुंचता है। यही पानी हम हेंडपंपो के माध्यम से पीने के उपयोग में लेते हैं। शुरुआत का यह दूषित पानी हमारे लिए पीड़ा दायक हो जाता है। बहुत सी बीमारियां केवल पानी से ही उत्पन्न होती है।

इसलिए हमें पानी को उबालकर छानकर या आरो का पानी उपयोग में लेना चाहिए। बरसात के दिनों में अक्सर कर पेट दर्द आंव पेचिस उल्टी-दस्त के मरीज अधिकांशत: अस्पतालों में देखने को मिला करतें हैं। छोटी-छोटी सी बातों को ध्यान में रखकर यदि सुधार हो जाता है तो हम विभिन्न प्रकार की व्याधियों से बच सकते हैं। इन सभी विषयों को लेकर विशेषज्ञ डाक्टरों ने हमारे प्रतिनिधि को बताया कि ब्लाक मेडीकल आफीसर डा राजकिशोर पटेल का कहना है कि ग्रामीण क्षेत्रों में दूषित पानी की बहुत ज्यादा समस्या बढ़ जाती है। जल स्त्रोतों के आस पास जमा होने फिर वही पानी रिचार्ज वापिस आने उसी को पीने से समस्या बनती है। लोगों को चाहिए कि पानी को उबालकर छानकर या आरो का पानी पियें। अक्सर कर उल्टी-दस्त आंव पेचिस पेट दर्द की शिकायतें बढ़ती है। लोगों को चाहिए अपने इर्द-गिर्द साफ सफाई बनाकर रखें। भोज्यपदार्थ सामग्री को ढककर रखें। चाट नाश्ता की दुकानों पर सामग्री को ढक कर रखनी चाहिए मक्खियों को बिल्कुल बैठने ना दें।

# 21 किलो गांजा के साथ 4 अन्तर्राज्जीय आरोपी गिरफ्तार

**नरसिंहपुर।** पुलिस के हत्थे चढ़े 4 अन्तर्राज्जीय गांजा तस्कर लगभग 3 लाख 50 हजार मूल्य 21 किलो 65 ग्राम अवैध गाँजा जप्त, उल्लेखनीय है कि जिले में अवैध मादक पदार्थ के कारोबार पर पूर्णत: प्रतिबंध लगाने, साथ ही नशे का कारोबार एवं सेवन करने वालों पर पूर्णत: अंकुश लगाने हेतु संपूर्ण जिला अंतर्गत विशेष अभियान चलाया जाकर जिले के विभिन्न थानों में लगातार धरपकड की कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में भ्रमण के दौरान रेल्वे स्टेशन नीलेश्वर मंदिर, करेली के पास चार व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में हल्के नीले रंग की बोरी लिये खडे दिखे जिन पर संदेह होने पर स्टाफ द्वारा घेराबंदी कर पकडा एवं उनकी तलाशी ली गयी, आरोपीगणों के सयुक्त कब्जे से हल्के नीले रंग की बोरी 21 किलो 65 ग्राम गाँजा कीमती 350000/ रुपये का रखा पाया गया जिसे जप्त कर आरोपीगणों के विरूद्ध विधिवत कार्यवाही करते हुए उनके विरूद्ध अपराध क्रमांक 582/25 धारा 8/20 (सी), 29 एनडीपीएस एक्ट का मामला पंजीबद्ध कर आरोपी को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। इनकी रही मुख्य भूमिका* उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी करेली निरीक्षक प्रियंका केवट, उनि अभिषेक जैन, प्र.आर. कुलदीप सोमकुवंर, प्र.आर. राजेश नंदा, वरिष्ठ आरक्षक राजेश बागरी, आरक्षक विपिन पटेल, आरक्षक आरक्षक रोहित बारोलिया सायबर सेल से आरक्षक नीरज डेहरिया की मुख्य भूमिका



### आरोपियों के नाम

- अभिजीत पिता सनातन नायक, उम्र 20 साल, निवासी अडावा, थाना अडावा, जिला गजपति, उडीसा।
- पवित्र पिता वनबासी बीडिका, उम्र 27 साल, निवासी अक्खूसिंघी, थाना पदमपुर, जिला रायगढा, उडीसा।
- सानू पिता प्रांचिस लीमा, उम्र 26 साल निवासी सुंदरपुर, थाना पदमपुर, जिला रायगढा, उडीसा।
- रमेश पिता दस्सो कराडा, उम्र 33 साल, निवासी मेरिया पंगा, थाना गुराडी, जिला रायगढा, उडीसा।

# हसनी हुसैनी सोसाइटी ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन


**गाडरवारा।** रक्तदान से बढ़कर कोई दान नहीं होता द्य रक्तदान करके हम किसी के जीवन को बचाने का काम करते हैं मोहर्रम का महीना इंसानियत की सेवा का प्रतीक माना जाता है। इसी जज़्बे के साथ हसनी हुसैनी सोसाइटी ने एक मिसाल पेश करते हुए सामूहिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया । जिसमें सोसाइटी के 20 सदस्यों ने शासकीय अस्पताल में अपना रक्तदान कर मानवता की सेवा की। रक्तदाताओं में जामा मस्जिद पेश इमाम आलम साहब, हसनी हुसैनी सोसाइटी गाडरवारा अध्यक्ष लकी अली, एडवोकेट हुसैन बोहरा, इमरान ताजी, आशिक हुसैन, आसिफ चिश्ती,राज ताजी, इरशाद अशरफी, शाहनवाज ताजी, एहफाज राइन(बबलू),असबाब अशरफी, मोहम्मद वकील खान, यूसुफ राइन,शमशीर खान ,अजहर चिश्ती मंसूर खान, फरहान खान, सोहेल खान , अरबा कुरैशी आदि प्रमुख थे। चिकित्सालय प्रभारी डॉक्टर उपेंद्र वस्त्राकार के दिशा निर्देशन में ब्लड स्टोरेज प्रभारी डॉ. बबिता सिंह, अमित कुमार, लेब टेक्नीशियन निखिल साहू, अजय घारू ने रक्तदान कराया। हाफिज जुबेर आलम साहब , समाजसेवी अब्दुल फिरोज खान ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए उनके इस प्रयास की सराहना की। सोसाइटी के प्रतिनिधियों ने बताया कि यह रक्तदान सिर्फ एक मेडिकल जरूरत नहीं, बल्कि मोहर्रम के पवित्र महीने में की गई अजीम इबादत प्रार्थना है।

## एक नजर में



### एक दिवसीय प्रशिक्षण का हुआ आयोजन

**गोटेगांव।** विगत दिनों 25 एवं 26 जून को सभी नोडल अधिकारियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन प्रोजेक्टर के माध्यम से रानी अवंती बाई लोधी हाई स्कूल में किया गया। प्रशिक्षण में शासकीय शालाओं के 240 तथा अशासकीय शालाओं के 35 नोडल अधिकारी उपस्थित हुए प्रशिक्षण में असाक्षर सर्वे कार्य, वातावरण निर्माण, सामाजिक चेतना केंद्र एवं अध्ययन केंद्र का नियमित संचालन पर जोर दिया गया । प्रशिक्षण के दौरान विकासखंड शिक्षा अधिकारी सिद्धांत बागड़े द्वारा भी मार्गदर्शन प्रदान किया गया जिसमें उन्होंने सभी नोडल अधिकारियों से विशेष रूप से आगामी 8 दिनों में शत प्रतिशत सर्वे कार्य कराने का लक्ष्य निर्धारित किया सामाजिक चेतना केंद्र एवं अध्ययन केंद्र का नियमित संचालन एवं विकासखंड , संकुल स्तर से नियमित अवलोकन किया जावे।



### सांसद प्रतिनिधि की उपस्थिति में शाला विकास समिति की बैठक

**गोटेगांव।** बीते दिवस स्थानीय इंदिरा गर्ल्स हाई सेकेंडरी शाला में सांसद प्रतिनिधि पंकज चौकसे सीएमओ प्रतिनिधि उप यंत्री चंदनसिंह पार्षद मनीषजैन की गरिमामय उपस्थिति में शाला विकास समिति की एक अति आवश्यक बैठक आयोजित की गई, बैठक में शाला संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा किए जाने के उपरांत उपस्थित जनों द्वारा अगले सत्र में पेश किए गए बजट का अवलोकन किए जाने के पश्चात प्राचार्या ऋतुजैन ने बताया कि शाला में स्टाफ की कमी बारिश के मौसम में शाला परिसर एवं मेनगेट के सामने जलभराव, क्षतिग्रस्त बाउंड्रीवॉल, प्रयोगशाला कक्ष में समुचित व्यवस्थाओं का अभाव जैसी अन्य समस्याओं के बारे में विस्तृत जानकारियो से अवगत कराकर छात्राओं की परेशानियों को दृष्टिगत रखते हुए इन समस्याओं का शीघ्र समाधान करवाना शालाहित में न्यायोचित होगा।

### आशाराम जाटव का निधन

**तेंदूखेड़ा।** क्षेत्र के प्रतिष्ठित बिजोरया परिवार के रिटायर्ड शिक्षक आशाराम जाटव का लंबी बीमारी के बाद दुखद निधन हो गया। सेवा भावी सामाजिक सांस्कृतिक गतिविधियों में संलग्न रहने वाले आशाराम मासाब धनीराम मिथलेश और संतोष जाटव के पिता थे। शनिवार को सुबह सुबह पूर्व विधायक संजय शर्मा से अति लगाव के चलते इनकी कुशल क्षेम जाने इनके निवास पर पहुंचे थे। दोपहर में अचानक निधन हो जाने पर समाज के सभी वर्गों के लोगों ने पहुंचकर अंतिम यात्रा में शामिल होकर श्रंद्धाजलि अर्पित की।

# महिला जिला उपाध्यक्ष ने सौंपा ज्ञापन

**गोटेगांव।** विगतदिवस जिले में निरंतर बढ़ती संगीन घटनाओं के चलते सामाजिक संगठनों एवं समाजसेवियों व जिलावासियों में आक्रोश व्याप्त होने के साथ-साथ भय का माहौल है, लगातार देखने में आ रहा है कि जिले में कानून व्यवस्था चरमराई नजर आ रही है क्योंकि आए दिन कोई ना कोई बड़ी घटनाएं हो रही हैं हाल ही में नरसिंहपुर जिला अस्पताल में हुए संगीन अपराध जिसमें एक 18 वर्षीय युवती संध्या चौधरी की दिन दहाड़े एक युवक अभिषेक ऊर्फ तरुण कोष्टी ने धार धार हथियार से हत्या कर दी लगातार हो रही जिले में इस तरह की वारदातों से नाराजगी जताते हुए अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार सुरक्षा संगठन की जिला उपाध्यक्ष स्नेहलता श्रीवास्तव ने बढ़ते अपराधों पर रोक लगाएं जाने के साथ-साथ पीड़ित परिवार को कम से कम 10 लाख रुपए की राशि प्रदान करने के साथ-साथ एक सदस्य को शासकीय नौकरी प्रदान किए।



# मुख्य नगर पालिका अधिकारी डीपी साहू को विदाई दी

**साईखेड़ा ।** नगर परिषद के मुख्य नगर पालिका अधिकारी डीपी साहू के स्थानांतरण पर शुक्रवार को कार्यालय नगर परिषद साईंखेड़ा में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अध्यक्ष श्रीमती स्वाति सचिन अग्रवाल उपाध्यक्ष सिंदू जितेंद्र पटेल समस्त पार्षद गण पूर्व मंडल अध्यक्ष मंडल अध्यक्ष समस्त कर्मचारी स्टाफ सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। विदाई समारोह में सभी वक्ताओं ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि स्थानांतरण नौकरी का हिस्सा होता है। अधिकारी या कर्मचारी जहां कहीं भी जाता है, वहां से कुछ न कुछ जरूर सीखता है। उन्होंने कहा कि अधिकारी को काम करने में तभी आनंद आता है, जब उनको वहां की जनता से सहयोग मिलता है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी डीपी साहू ने अपनी जिम्मेदारी बखूबी निभाई। सीएमओ को कार्यक्रम में स्मृति चिन्ह भी भेंट किए गए। मुख्य नगरपालिका अधिकारी डीपी साहू ने कहा कि साईखेड़ा में सेवाकाल के दौरान उनके अधीनस्थ व साथी अधिकारियों व कर्मचारियों का पूरा सहयोग मिला है।

# शहीदाने करबला की याद में मनाया जा रहा मोहर्रम पर्व

**गाडरवारा।** इस्लाम धर्म का मोहर्रम पर्व जो शहीदाने करबला की याद में मनाया जाता है उसकी शुरूआत हो चुकी है। बताया जाता है कि चांद दिखने के बाद मोहर्रम की पहली तारीख से ही शहीदाने करबला की शान में मस्जिदों में बयान तकरीर शुरू हो गई है व रोजाना सुबह के वक्त कुरान ख्वानी एवं दिन में महिलाओं की मजलिस मिलाद होने लगी है। इस दौरान करबला का जिक्र किया जा रहा है । मोहर्रम पर शरबत सबील व लंगर के आयोजन इमाम आली मकाम की शान होते है। जानकारी के अनुसार नगर में आलीशान परचम कुसाई अनेको स्थानों पर की जाती है । मोहर्रम की 4 तारीख को शहर के शक्तिचौक से शाम 6 बजे से परचम जुलूस निकलेगा जो शिवालय चौक, गंज स्कूल, पुरानी गल्ला मंडी , नया बस स्टैंड से शास्त्री वार्ड गणेश मंदिर होकर झंडा चौक से वापस शक्तिचौक पहुंचेगा। यहां पर अब्बास अलमदार की शान में



51 फिट ऊँचा झंडा परचम हसनी हुसैनी सोसायटी द्वारा लगाया जाएगा । मोहर्रम की 5 तारीख को सभी इमामबाडो की टिपारिया शहर में गश्त करेगी। ताजिये बनने का सिलसिला भी शुरू हो गया है। वही मोहर्रम की 7 तारीख को नया बस स्टैंड काजी मोहल्ला से कुर्सी ताजिये आलम का जुलूस निकलेगा जो चौकी , चावड़ी,महावीर भवन, शक्ति चौक, शिवालय चौक, झंडाचौक से वापस नया बस स्टैंड पहुंचकर बाबड़ी दरगाह के पास समाप्त होगा । इमामबाड़ों व दरगाहो पर जायरीनों का मजमा लगने लगा है बड़ेवली इमामबाड़े में मोहर्रम की रौनक नजर आने लगी है। मुस्लिम समाज ने नगर पालिका परिषद से मोहर्रम पर्व पर इमामबाड़ों, दरगाहो के पास हेलोजिन लाइट व समुचित साफ सफाई की मांग की है । वही बताया जाता है कि मोहर्रम पर्व की पहली तारीख से हर साल की तरह इस साल भी जामा मस्जिद में 10 रोजा महफ़िल ए जिक्र ए हुसैन का आयोजन 27 जून से ईशा की नमाज के बाद शुरू हो गया है। नगर के जामा मस्जिद के पेश इमाम हाफिज जुबेर आलम साहब दस रोजा अजीमुश्शान महलि में शहीदाने करबला पर बयान किया जा रहा है।

# दुर्गम मार्ग से चलने में हो रही परेशानी, बरसात के दिनों में गांव से बाहर जाना हो जाता मुश्किल

**तेंदूखेड़ा।** एक तरफ जहां शासन ग्रामीण क्षेत्रों को पक्के सड़क मार्गों से जोड़ने के साथ विकास की मुख्य धारा से जोड़ने की दिशा में कोई कसर नहीं छोड़ रही है। लेकिन चांवरपाठा विकास खंड के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत सर्रा बंधी का टपरिया ग्राम जो ना तो राजस्व रिकार्ड में दर्ज है और ना ही यहां शासन की मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हैं ।इस गांव की यह स्थिति बनीं हुई है कि बरसात के दिनों में अंडमान निकोबार द्वीप समूह की तरह हो जाता है। यहां से जाने वाला सड़क मार्ग अत्यंत दुर्गम हो जाता है ।जिस पर चल पाना भी मुश्किल हो जाता है। यहां तक की स्कूली बच्चों को या तो तेंदूखेड़ा में किराए से कमरा लेकर रखना पड़ता है या फिर छोटे छोटे बच्चों को लेकर दो घंटे पहले ही घर से कीचड़ युक्त मार्ग से निकालना पड़ता है। मुख्य सड़क पर पहुंच कर हाथ पैर धोने के बाद फिर ड्रेस बदलकर छात्र छात्राएं स्कूल पहुंच पातीं है। लगभग डेढ़ दो सौ आबादी वाले इस गांव से मुख्य सड़क तक आने वाले सड़क मार्ग के बीचोंबीच एक नाले पर बरसात का अधिक पानी होने की स्थिति में कच्चा पुल बनाकर लोग आना-जाना किया करते थे। जैसे तैसे प्रशासनिक अधिकारियों ने इस गांव की पीढ़ा को समझकर यहां पर एक पक्की पुलिया निर्माण करवा दी है लेकिन सड़क विहीन गांव में आने जाने की बहुत बड़ी समस्या बनी हुई है। गांव में यदि कोई बीमार हो जाता है या कोई समस्या आ जाती है तो लोगों को तत्काल लेकर आना टेड़ी खीर हो जाता है। इस गांव को जाने के लिए केवल गाडरवारा सड़क मार्ग से ही जाने एक मात्र रास्ता है। बरसात के दिनों में किसानों के ट्रेक्टर ट्राली कृषि कार्य को लेकर निकलने के कारण और ज्यादा गड्ढे हो जाते हैं और चिकनी मिट्टी से निकलने में पैदल आना जाना फिसलन के कारण पीढ़ा दायक बना हुआ है।

### बच्चों को लेकर जाना होता है मुश्किल



गांव के प्रतिष्ठित भागवत पटेल का कहना है कि बरसात के चार महीने के लिए बहुत ज्यादा समस्या बन जाती है ।स्कूली बच्चों को स्कूल के समय पर लाना और स्कूल फिर वापिस लौटाकर वापिस ले जाना बहुत ज्यादा पीढ़ा दायक हुआ करता है ।या तो तेंदूखेड़ा में कमरा किराए से लेकर रहना पड़ता है या फिर सुबह जल्दी उठकर स्कूल का समय मिलाने आना पड़ता है।

### बीमार व्यक्तियों को लाने में होती है परेशानी



गांव के प्रतिष्ठित खोजर परिवार के रेवाराम खोजर बताते हैं कि रात्रि या दिन के समय कोई गंभीर रूप से बीमार हो जाता है तो उसे तत्काल उपचार के लिए लाना ले जाना काफी कष्टकारी हो जाता है। यहां से ट्रेक्टर के अलावा कुछ नहीं निकल पाता है। त्वरित चिकित्सा के चलते समय अधिक लगना जीवन मृत्यु से संघर्ष करने के जैसा हुआ करता है।

### गांव के साथ हो रहा भेदभाव



शिवदयाल पटेल कहते हैं कि हमारा गांव सर्रा ग्राम पंचायत में आता है । जब मतदान के समय हर आदमी से मतदान करने के लिए शत-प्रतिशत मतदान की बात कही जाती है ।उस समय मूलभूत सुविधाओं की बड़ी बड़ी बाते कहीं जातीं हैं। सड़क मार्ग बनवाने आश्वासन दिए जाते हैं ।अब हम लोगों की समस्यायों को देखने सुनने कोई भी नहीं



# जनपद शिक्षा केंद्र में बीपीएमयू बैठक

**तेंदूखेड़ा।** विगत शनिवार को समस्त बीएसी और 10 जनशिक्षा केन्द्रों चांवरपाठा तेन्दूखेडा डोभी खुरसुरू सीहोरा बोहानी कोड़िया के जनशिक्षकों को शासन के समस्त निर्देशों का पालन करते हुए निर्धारित समयसीमा में कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए । बैठक में बीआरसी सुनील श्रीवास्तव ने बिंदुवार समीक्षा करते हुए विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की। जिसमें मुख्य रूप से कक्षा 1 से 8 तक कक्षा और शाला वार दर्ज संख्या एजूकेशन पोर्टल 03 पर दर्ज न होने वाले छात्रों की सूची कक्षा 6 वी 5 वी मे नामांकन किये गए सर्वे के अनुसार कक्षा वार जानकारी नि:शुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण जर्जर शालाओं की जानकारी, शालाओं में नामांकन की स्थिति गणवेश हेत 100त्न खाते एमडीएम एप के माध्यम से बच्चों की उपस्थिति के दैनिक और मासिक आंकड़ों की प्रविष्टि करना इत्यादि के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। तथा नवभारत साक्षरता कार्यक्रम एक पेड़ मां के नाम ई अटेन्डन्स अपार आईडी आदि पर निर्देशित किया बैठक में जन शिक्षक कमलेश मेहरा देव कांत दुबे रमेश कौरव गोविन्द जाटव प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।